NEWS CLIPPING: 22.04.2020

NAVBHARAT TIMES

मजदूर परिवारों को दिया सूखा राशन

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी की तरफ से यूनिवर्सिटी परिसर में रह रहे मजदूर परिवारों को सूखा राशन वितिरत किया गया। यहां पर 200 मजदूर रह रहे हैं, जिनके भरण पोषण की जिम्मेवारी यूनिवर्सिटी ने उठाई है। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए यूनिवर्सिटी की तरफ से सहयोग दिया जा रहा है। यहां रह रहे मजदूरों को 10 दिन का सूखा राशन दिया गया, जिसमें आटा, दाल, चावल, नमक व तेल शामिल था। इस मौके पर कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ कोमल भाटिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव सिंह आदि मौजूद थे।

NEWS CLIPPING: 22.04.2020

DAINIK JAGRAN

श्रमिकों को वितरित किया राशन

जेसी विवि के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के डॉ .कोमल भाटिया महिला मजदूर को राशन देते हुए। साथ में परीक्षा नियंत्रक राजीव सिंह ● विवि के सौजन्य से

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: जेसी बोस (वाईएमसीए) विवि परिसर में रह रहे मजदूर परिवारों को सूखा राशन वितरित किया गया। विवि में मजदूर परिवारों के 200 से ज्यादा सदस्य रह रहे हैं। ये सभी लोग विश्वविद्यालय की निर्माणाधीन परियोजनाओं में काम कर रहे थे और कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन लगने से परियोजनाएं बंद हो जाने के कारण इन मजदूर परिवारों के लिए रोजी-रोटी का संकट आ गया था।

कुलपति प्रो.दिनेश कुमार की उपस्थिति में सभी मजदूर परिवारों को 10 दिनों का सूखा राशन वितरित किया गया। इनमें आटा, दाल, चावल, नमक और तेल शामिल है। कुलसचिव डॉ.सुनील कुमार गर्ग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल भाटिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह, कार्यकारी अभियंता अजय तनेजा के अलावा विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी से उत्पन्न हुए संकट के समय में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए विश्वविद्यालय परिवार का प्रत्येक सदस्य अपना यथासंभव सहयोग दे रहा है।